हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 20 देहरादून, सोमवार, 08 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखंड के तीन जांबाजों को सम्मान, मेजर रविंद्र रावत और सचिन नेगी शौर्य चक्र से सम्मानित

4

# भारी बारिश के अलर्ट के बीच सचिव आपदा प्रबंधन ने की जनपदों की स्थिति की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा रविवार को उत्तराखंड के अधिकांश जनपदों में भारी से बहुत भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आईटी पार्क स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (कंट्रोल रूम) से जनपदों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को एलर्ट पर रहने तथा हालात पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। रविवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों से वर्तमान स्थिति तथा जिलों में हो रही बारिश को लेकर जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे के साथ ही ग्रामीण सड़कों को लेकर निर्देश दिए कि जो भी मार्ग बंद हैं, उन्हें जल्द से जल्द खुलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने स्टेट तथा नेशनल हाईवे में यातायात संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग बंद हैं तो साइनेज लगाए जाएं तथा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। साथ ही मार्ग खुलने की भी जानकारी आम



जनमानस तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण सड़कों को भी जल्द से जल्द खोलने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नदियों के जलस्तर को लेकर भी डीडीएमओ से जानकारी ली और किसी भी आपात स्थिति को लेकर तुरंत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सूचना भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नदियों का जलस्तर बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने और लोगों को नदी-नालों से दूर रहने को लेकर जागरूक करने को कहा। इस दौरान यूएसडीएमए के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, ड्यूटी ऑफिसर आलोक कुमार सिंह, एसईओसी के दिवस प्रभारी रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि सोशल मीडिया पर विभिन्न आपदाओं को लेकर भ्रामक तथा फर्जी पोस्ट डाले जाने की सूचना मिली है। पुराने वीडियो तथा फोटो को वर्तमान का बताकर गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने सभी डीडीएमओ से कहा कि आम जनता में भय और डर का माहौल न रहे, इसलिए ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशभर में सूखी नदियों पर खास तौर पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते सूखी नदियों में भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने लोगों से भी सूखी नदियों में न जाने तथा वाहन इत्यादि न खड़े करने की अपील की है।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को राहत राशि वितरित करने में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने 15 जून से लेकर अब तक कितनी राहत राशि बंट चुकी है तथा कितने मामले लंबित हैं, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अभी तक राहत राशि नहीं बांटी गई है, उन तक हर हाल में जल्द से जल्द राहत राशि पहुंचाई जाए।

जिलों के कंट्रोल रूम में इंटरनेट की सुविधा तथा कनेक्टिविटी सुचारु तथा निर्बाध रूप से बनी रहे, इसे लेकर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिर्फ एक नेटवर्क के भरोसे न रहें और अन्य कंपनियों के नेटवर्क की भी सेवाएं लें ताकि यदि किसी एक की कनेक्टिविटी बाधित हो तो दूसरे नेटवर्क का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए यह जरूरी है कि सूचनाओं का आदान-प्रदान समय पर हो।

## बारिश से जौनसार के 26 मोटर मार्गों पर ठप रहा यातायात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। रोजाना हो रही बारिश अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगी है। शनिवार देर शाम से रात तक हुई बारिश के बाद क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले चकराता-कालसी मोटर मार्ग समेत 26 सड़कों पर यातायात बाधित रहा। जबकि इंद्रोली-कन्धाड मार्ग तीन जगह से क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। सड़कों के बंद हो जाने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



हालांकि लोक निर्माण विभाग मुस्तैदी से मार्ग खुलवाने में जुटा हुआ है। लेकिन लगातार बारिश की स्थिति बनी होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के चलते जौनसार बावर के दोनों ब्लॉक में लोक निर्माण विभाग साहिया के अंतर्गत आने वाला कालसी-चकराता मोटर मार्ग, चापनु, जजरेड़, असनाड़ी और जोहड़ी के पास बंद रहा। शनिवार देर रात बंद हुए मार्ग पर रविवार सुबह सात बजे यातायात सुचारु हो पाया। साथ ही साहिया क्षेत्र के कालसी-बैराटखाई मोटर मार्ग, बोडी ढांग-मरनावा, काहा-नेहरा-पुनाह मोटर मार्ग, शहीद सुरेश तोमर गास्की मोटर मार्ग, बिजऊ-कोफ्टी, दातनू-बडनू मोटर मार्ग, शंभू की चौकी-पंजिया-बनसार मोटर मार्ग, समरजैंस मोटर मार्ग, रानी गांव मोटर मार्ग, दौधा संपर्क मार्ग दो जगह, बडनू-गढैता-बसाया मोटर मार्ग, बिजऊ-कुईथा, कुईथा-खतार मोटर मार्ग तीन जगह, एमडीआर मोटर मार्ग, लोक निर्माण विभाग चकराता के अंतर्गत आने वाला बिरमऊ मोटर मार्ग तीन जगह, चकराता-लाखामंडल मोटर मार्ग दो जगह, माख्टी पोखरी-ककनोई मोटर मार्ग तीन जगह, लावड़ी-दतरौटा मोटर मार्ग दो जगह बंद रहा। इसके अलावा पुरोडी-रावना संपर्क मार्ग, हयो-टगरी-कैतरी मोटर मार्ग, खारसी मोटर मार्ग और पीएमजीएसवाई कालसी के अंतर्गत उत्पालटा-उपरौली मोटर मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे। जबकि इन्द्रोली-कन्धाड मोटर मार्ग तीन जगह से क्षतिग्रस्त हुआ है। हईया-अलसी मोटर मार्ग पर शनिवार शाम को सड़क पर दो पेड़ गिर जाने से मार्ग बंद रहा।

## मुख्यमंत्री ने उपचुनाव के लिए तपोवन एवं उर्गम में वोट मांगे



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जोशीमठ पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को तपोवन और उर्गम में जनसभा कर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। मुख्यमंत्री ने केन्द्र की मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में शुरू की गई कई जनपक्षीय योजनाओं को बताते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में कभी भी इस प्रकार की योजनाएं नहीं बनी। कहा कि कांग्रेस छोड़कर राजेन्द्र भंडारी ने बदरीनाथ के विकास के लिए भाजपा का दामन थामा है इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए जनता को उन्हें वोट अवश्य देने चाहिए। धामी ने कहा कि भंडारी ने कांग्रेस में रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य किए हैं उन्हें बताने की आवश्यकता नहीं है सभी जानते हैं। उन्होंने क्षेत्र को विकास की धारा में आगे बढ़ाने के लिए भंडारी को वोट देने की अपील की। धामी ने अपनी सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून, नकल विरोधी कानून, बदरीनाथ-केदारनाथ में पुनर्निर्माण के कार्य उनकी सरकार की देखरेख में हो रहे हैं। जल्द उनकी सरकार कैबिनेट में आयुष्मान योजना में लोगों को और अधिक एवं सरलता से लाभ मिल सके इसका प्रस्ताव लाने वाली है।

## देवता का भव्य मंदिर तैयार, प्राण प्रतिष्ठा आज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। जौनसार के खत सिली गोथान से जुड़े बसाया के ग्रामीणों ने 13 साल की कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद महासू देवता और बतेश्वर नाग देवता के नए मंदिर का निर्माण किया है। बताया जा रहा है कि मंदिर निर्माण में करीब एक करोड़ की लागत आई है। स्थानीय लोगों ने स्वयं के संसाधनों से श्रमदान कर देवता का भव्य मंदिर बनाया है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा आठ जुलाई को विधि विधान से की जाएगी। जनजाति क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में देवताओं के अनेक मंदिर है। स्थानीय लोगों में महासू देवता के प्रति अटूट आस्था और विश्वास है। देव आस्था के चलते सिली गोथान खत के बसाया निवासी 24 ग्रामीण परिवारों ने वर्ष 2011 में महासू देवता के नए मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने मिलकर खुद के संसाधनों से श्रमदान कर 13 साल की कड़ी मेहनत के बाद देवता का भव्य मंदिर बनाया है। वास्तु कला के हिसाब से देवदार की लकड़ी पर उकेरी गई सुंदर नक्काशी से मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है।



## पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए बद्रीनाथ में 105 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के तहत 10 जुलाई को मतदान होगा। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर बद्रीनाथ विधानसभा के 105 मतदेय स्थल से वेबकास्टिंग की जाएगी। रविवार को वेबकास्टिंग कार्मिकों की टीम को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से जरूरी उपकरणों एवं सामग्री के साथ मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया। वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि रविवार को ही सभी टीमें अपने मतदेय स्थलों पर पहुंच जाएंगी और आज ही वेबकास्टिंग का ट्रायल भी किया जाएगा। कंट्रोल रूम से इन सभी बूथों पर नजर रखी जाएगी। मतदान दिवस पर इन बूथों पर ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया को देखा जा सकता है।

# मिठाई रेलवे स्टेशन' में बीते 6 महीने से नहीं कटा एक भी टिकट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 08 जुलाई : मधेपुरा जिला मुख्यालय से सटे 'मिठाई' में आजादी के समय बना रेलवे स्टेशन सुविधाओं के लिए तरस रहा है. बीते लगभग छह महीने से मिठाई स्टेशन पर टिकट नहीं मिल रहा है. मिठाई स्टेशन का टेंडर पूर्व में ही समाप्त होने के बाद अब तक नया टेंडर नहीं हो सका है. जिस कारण यहां यात्री टिकट नहीं मिल रही हैं. यहां रेलवे का कोई कर्मचारी नहीं है. टिकट घर गंदगी से भरा है. मिठाई स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं. वो भी बिना टिकट के. आखिर इसके जिम्मेदार कौन है।

टिकट के लिए बीते दिनों धरना प्रदर्शन भी किया गया था. लेकिन अब तक विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई सुध नहीं ली गई है. मिठाई रेलवे स्टेशन का भवन भी बहुत पुराना हो गया है. आधुनिकता के नाम पर स्टेशन पर कोई नया निर्माण नहीं हुआ है. क्षेत्र की आबादी के साथ ही ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है. लेकिन रेलवे स्टेशन पर आज भी सिर्फ लोकल गाड़ियों का ही ठहराव होता है.यानी इन सबसे के कारण रेलवे को भारी राजस्व की क्षति हो रही है। रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का पूरा अभाव है. यहां पेयजल की सुविधा नहीं है. स्टेशन का भवन जर्जर हो चुका है. यात्रियों के खड़े होने के लिए शेड नही हैं. यात्रियों के बैठने के लिए सुविधा नहीं है. धूप या बरसात में यात्रियों को खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है. रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पानी की व्यवस्था तक नहीं है. यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट नहीं मिलने के कारण ट्रेन में या बड़े स्टेशनों पर टिकट निरीक्षक द्वारा जुर्माना किया जाता है. जिससे आम लोगों को अतिरिक्त आर्थिक क्षति हो रही है।

अंग्रेजी काल में बना मिठाई रेलवे स्टेशन काफी प्रमुख था. यहां सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़िया रुकती थी और यात्री चढ़ते और उतरते थे. लेकिन जबसे बड़ी लाइन की शुरुआत हुई, तबसे यह रेलवे स्टेशन हॉल्ट में बदल गया और खंडहर जैसी स्थिति हो गई है. यहां न तो यात्रियों के बैठने की कोई व्यवस्था है और न ही खड़े होने की. शुद्ध पानी के लिए हैंड पंप भी नहीं है. जबकि हैंड पंप के लिए चार पाइपें लगी हैं. गंदगी भी इधर-उधर फैली है. सफाई भी समुचित ढंग से नहीं होती है.

शौचालय तो बना है, लेकिन सफाई के अभाव में वह भी गंदगी की भेंट चढ़ी हुई है। मधेपुरा लोकसभा से दिनेश चंद्र यादव दूसरी बार सांसद चुने गए हैं. उन्हें मिठाई स्टेशन की पूरी कहानी मालूम है. जिसके बावजूद भी मिठाई रेलवे स्टेशन के बारे में सांसद ने रेलमंत्री के पास या सदन में कोई चर्चा नहीं की है. जबकि अन्य क्षेत्र के सांसद, विधायक अपने इलाके के विकास को लेकर सदन में आवाज उठाते रहते हैं. वहीं स्थानीय विधायक प्रो चंद्रशेखर तीसरी बार मधेपुरा के विधायक चुने गए. इसके बावजूद भी कोई प्रतिनिधि इस अंग्रेज काल के रेलवे स्टेशन मिठाई को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं, यह समझ से परे है।

# रामपुर तिराहा कांड : 75 साल की दुष्कर्म पीडिता बोली बता नहीं सकती मेरे साथ क्या-क्या हुआ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



मुजफ्फरनगर, 8 ,जुलाई रामपुर तिराहा कांडः अलग राज्य उत्तराखंड के मांग की आंदोलन के वक्त रामपुर के तिराहा कांड में फायरिंग और दुष्कर्म का मामला फिर से चर्चा में आ गया है सीबीआई ने दो पीड़िताओं को पेश किया।

30 साल पहले रामपुर तिराहा इलाके में पुलिस और पाक ने उत्तराखंड आंदोलन कार्यों पर फायरिंग की थी जिस्म की सा आंदोलनकारी मारे गए थे और इसी कांड में महिला आंदोलनकारी के साथ दुष्कर्म और लूट की घटनाएं सामने आई थी। सीबीआई ने मामले की जांच की थी और मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में चल रही है सीबीआई ने इस मामले में अब 75 साल की दुष्कर्म पिता को गवाही के लिए पेश किया घटना के बारे में पीड़िता ने भावुक होते हुए रूंधे गले से कहा कि वह उस वाक्ये को बयां नहीं कर सकती है।

वो 2 अक्टूबर की रात थी

1 अक्टूबर सन 1994 के दिन उत्तराखंड गठन की अलग राज्य की मांग को लेकर आंदोलनकारी गाड़ियों में सवार होकर दिल्ली के लिए निकले थे जिनको की छप्पर थाना इलाके के रामपुर तिराहा पर रोक लिया गया था और वहीं पर 2 अक्टूबर की रात को पुलिस पीएसी और आंदोलनकारियों के बीच झड़प हो गई थी उसे वक्त हुई फायरिंग में सात आंदोलनकारी मारे गए थे तब पुलिस और पीएसी ने आंदोलनकारी महिलाओं के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया बल्कि लूटपाट भी की थी। दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में सीबीआई ने जांच करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करी थी, इस मामले में 18 मार्च को सरकार बना मिलाप सिंह मुकदमे में 18 मार्च को आंदोलनकारी महिला से दुष्कर्म के आरोप में पाक के दो पूर्व जवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है वहीं सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी के मामले में अज अंजनी कुमार की पशुओं की कोर्ट -2में सुनवाई चल रही है कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई रोज करने का आदेश जारी किया है.

गवाही के लिए बचाव पक्ष ने प्रार्थना पत्र दिया

बीते शुक्रवार को कोर्ट में सरकार बनाम राधा मोहन मामले में बहस हुई। बचाव पक्ष के वकील सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि उनकी ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र देकर पब्लिक विटनेस नंबर 1 सत्यनारायण शर्मा उर्फ विद्या पांडे की गवाही पूर्ण करने की मांग की गई उन्होंने बताया कि सीबीआई लोक अभियोजक ने यह जानकारी दी है कि सत्यनारायण शर्मा की मौत हो चुकी है जिस पर उन्होंने सत्यनारायण का डेथ सर्टिफिकेट अदालत में प्रस्तुत करने की मांग की। धारा सिंह मीणा सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक है उनका कहना है की पब्लिक विटनेस- 1 की गवाही पूरी हो चुकी है।

## कुछ संगठनों के इशारे पर छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा : कांग्रेस

विकासनगर। शहर कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि बाजार की व्यवस्थाएं बनाने में नगर पालिका प्रशासन कुछ संगठनों के इशारे पर छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। जबकि इन व्यापारियों को नगर पालिका की ओर से ही व्यवसाय करने के लिए ऋण दिया गया है। रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से नगर के एक होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय किशोर महेंद्रू ने कहा कि कुछ लोग बाजार को बंद करने की चेतावनी देते हैं, इसके बाद प्रशासन बाजार से फल-सब्जी की ठेलियां और फड़ हटा देता है। कहा कि ठेली, फड़ व्यापारियों को व्यवसाय करने के लिए पालिका प्रशासन ही ऋण मुहैया कराता है और वही पालिका प्रशासन बाजार से ठेलियां हटा रहा है। इससे उनके सामने ऋण की किश्त चुकाने का संकट भी पैदा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार की व्यवस्थाओं को बनाने में निकाय प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी है। लेकिन विकासनगर बाजार में कुछ संगठनों से जुड़े लोग भी इस मामले में हस्तक्षेप कर रहे हैं। चार दिन पूर्व बाजार से ठेलियां हटाने के दौरान इन संगठनों से जुड़े लोगों ने फल, सब्जियां सड़क पर पलट दी। इससे व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ा। कहा कि, बाजार से ठेलियां हटाने से दो दिन पहले उन्हें सूचना दी जानी चाहिए, जिससे व्यापारी अपने सामान की सुरक्षा कर सके। कहा कि नगर पालिका बस अड्डे के साथ ही एक निजी जमीन को वेंडिंग जोन बनाने की मांग पालिका प्रशासन से की गई, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आरोप लगाया कि दो लोगों के आपसी विवाद को तूल देकर सभी ठेली व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सब्जी कारोबारी को गोली मारने का एक आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। बसेड़ी के सब्जी कारोबारी को कस्बे में दिनदहाड़े गोली मारकर घायल करने के दो में से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा और बाइक भी बरामद हुई है। कोर्ट की पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। चार जुलाई दोपहर बाद नगर में फ्लाईओवर के ऊपर बाइक सवार दो बदमाशों ने बसेड़ी के सब्जी कारोबारी दानिश (20) पुत्र जाकिर को गोली मारकर घायल कर दिया था। उसके पिता ने पीपली लक्सर निवासी सावेज पुत्र मुन्ना हसन और अरमान पुत्र महमूद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। दरोगा लोकपाल परमार, सिपाही अनूप पोखरियाल और प्रकाश खनेड़ा की टीम आरोपियों को तलाश रही थी।

# संक्षिप्त खबरें

## उपचुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा लहराएगी परचम :जोशी

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पोखरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत रानो में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने रविवार को आयोजित सभा में विभिन्न महिला संगठन की महिलाओं और पूर्व सैनिकों को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी के पक्ष में मतदान की अपील की। गणेश जोशी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीड बैक भी लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं सरकार के कार्यों से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालते ही कहा था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। कहा कि एक बेटी मजबूत होती है तो घर मजबूत होता है प्रदेश और देश मजबूत होता है। आज बेटियो को बचाने की आवश्यकता है, उनको आगे बढ़ाने को आवश्यकता है।

## भागीरथी कला संस्था ने नगर क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संस्था के सदस्यों ने रविवार को नगर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। संस्था के सदस्यो ने पापडी काष्ट कला केन्द्र के सामने और नगर क्षेत्र में अन्य जगहों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। संस्था के अध्यक्ष राजेंन्द्र बर्थवाल के कहा कि संस्था के सदस्यों द्वारा हर रविवार को नगर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जाता हैं। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपने आस-पास साफ सफाई करने का संदेश दिया। इस मौके पर रमेश चंद्र थपलियाल, भगत सिंह, दिनेश बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहें।

## वोट फॉर ओपीएस अभियान चलाएगा एनएमओपीएस

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन की बैठक में तय हुआ कि वोट फॉर ओपीएस अभियान को तेज किया जाएगा। प्रदेश भर में कर्मचारियों को संगठित करते हुए संगठन को एक्टिव किया जाएगा। ब्लॉक से लेकर जिला कार्यकारिणियों का पुनर्गठन किया जाएगा। एनएमओपीएस की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को मजबूती प्रदान करने को आने वाले समय में जागरूकता अभियान के साथ साथ सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। वोट फॉर ओपीएस अभियान से कर्मचारियों के साथ उनके परिजनों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा जाएगा। सभी जिला कार्यकारिणी अपने अपने क्षेत्र के विधायकों, सांसदों को पुरानी पेंशन बहाल करने को ज्ञापन देंगे। कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के सम्मान और नौजवानों के भविष्य की लड़ाई है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस मुहिम में जनता को भी जोड़ते हुए जागरुक किया जाएगा। पुरानी पेंशन मध्यम वर्गीय परिवारों की रीढ़ की हड्डी है। जनता को साथ जोड़ कर दबाव बनाया जाएगा। महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने कहा कि सभी जिला कार्यकारिणी अपने जिलों के सभी ब्लाकों में ब्लाक कार्यकारिणी का पुनर्गठन करेंगी। सभी जिलों में प्रत्येक विभाग का संयोजक नियुक्त किया जाएगा। सभी विभागों में समन्वय बनाए जाएंगे। सभी जिलों एवं ब्लाक में महिला विंग कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके लिए प्रांतीय महिला विंग अध्यक्ष उर्मिला द्विवेदी को अधिकृत किया गया। बैठक में तय हुआ कि हरेला पर्व में पुरानी पेंशन बहाली को सभी जिला कार्यकारिणी और ब्लाक कार्यकारिणी पौधारोपण कार्यक्रम करेंगी। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांतनु शर्मा, प्रांतीय प्रचार मंत्री हर्षवर्धन जमलोकी, प्रांतीय महिला विंग अध्यक्ष उर्मिला द्विवेदी, हेमलता कजालिया, अजीत चौहान, जगमोहन सिंह रावत, रूचि पैन्यूली, सूर्य सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

## नाग देवता की नव निर्मित पालकी पर साढ़े चार तोला सोने का छत्र चढ़ाया

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के खत शिलगांव के सुरेऊ गांव में रविवार को नाग देवता का भव्य जागड़ा धूमधाम से हुआ। गांव की बेटियों ने देवता को साढ़े चार तोले का सोने का छत्र भेंट किया। जौनसार बावर के इस गांव में नाग देवता की पूजा की जाती है। लिहाजा सुरेऊ गांव के ग्रामीण सांप दिखने पर उसे मारते नहीं हैं, बल्कि उसे हाथ जोड़कर जाने देते हैं। खत शिलगांव के नगाया थात में प्राचीन नाग देवता की देवठी (छोटा मंदिर) भी है, जहां प्रति वर्ष बिस्सू पर्व मनाया जाता है। वर्षों पहले सुरेऊ के ग्रामीणों ने अपने गांव में नाग देवता मंदिर तैयार किया। लंबे समय के बाद ग्रामीणों ने नाग देवता की देव पालकी बनाने का निर्णय लिया। इसके बाद नई देव पालकी बनाकर तैयार करवाई गई है। पुरोहित सियाराम शर्मा और मुकेश शर्मा के अनुसार रविवार को पालकी को विधि-विधान से हरिपुर यमुना घाट पर शाही स्नान करवाया गया। इसके बाद ग्रामीण देव पालकी को लेकर नगायाथात पहुंचे, जहां गांव की विवाहित और अविवाहित ध्यांटूड़ियों (बेटियों) ने नाग देवता की पालकी के लिए साढ़े चार तोले का सोने का छत्र भेंट किया।

# उत्तराखंड : सरकारी स्कूलों को करोड़ों की सौगात
# नौनिहालों के लिए बैग लैस रहेगा एक दिन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जुलाई : प्रदेश में कक्षा 6 से 12वीं तक के सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बस्ता मुक्त दिवस योजना लागू की जा रही है। राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में इस योजना को पूर्व से ही 'प्रतिभा दिवस' के रूप में संचालित किया जाता है।बस्ता मुक्त दिवस योजना के तहत विद्यालयों खेलकूद, भाषा, गणित विज्ञान, क्राफ्ट, कला, श्रम के कार्य व व्यायाम, सांस्कृतिक एवं सामाजिक अभिरुचि की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुसार हर महीने के अंतिम शनिवार को इस योजना के तहत बच्चे बिना बैग के विद्यालय जाएंगे। महीने के अंतिम शनिवार छात्र-छात्राएं को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर सकेंगे।




राज्य में बस्ता मुक्त दिवस लागू होने पर स्कूलों में अंतिम शनिवार को मुख्य रूप से तीन तरह के कार्य होंगे। इन कार्यों में जैविक रूप, मशीन और सामग्री एवं मानवीय सेवाएं शामिल हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जैविक रूप की गतिविधियों में छात्र-छात्राओं को मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारंभिक कार्य, कृषि, बागवानी की विभिन्न पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। माध्यमिक विद्यालयों में जैविक रूप कार्यों के तहत प्रकृति अनुकूल कृषि, प्रकृति संरक्षण, पशुधन पालन, वित्तीय सेवाएं, नर्सरी प्रबंधन, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल एवं उद्योग संबंधी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी जाएगी।छात्र-छात्राओं को मशीन और सामग्री के तहत कागज, स्याही, कपड़ा, लकड़ी, पेंट, और मिट्टी जैसी सामग्रियों का उपयोग करके हस्तशिल्प कार्य एवं आधुनिक मशीनों सहित प्रारंभिक मशीनों का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही छात्रों को सिलाई, बढ़ईगिरी, मिट्टी के बर्तन, वेल्डिंग और कास्टिंग, रोबोटिक मशीनों और स्थानीय कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी तरह मानवीय सेवाओं के तहत विद्यार्थियों को बिजली का काम, विक्रय और विपणन, परिवहन सेवाएं, आतिथ्य और पर्यटन, इंटरमीडिएट सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा कुशल संवाद की अभिरुचि और टीमों में काम करने की योग्यता, स्वास्थ्य देखभाल और आतिथ्य के आधार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# ब्रेक फेल होने से सड़क पर पलटी बस
## रामनगर से पिथौरागढ़ जा रही थी बस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



अल्मोड़ा 08 जुलाई : अल्मोड़ा के भतरौंजखान-मोहान सड़क पर रामनगर से पिथौरागढ़ जा रही केमू की बस का अचानक से ब्रेक फेल हो गया। इस दौरान बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।जानकारी के अनुसार केमू बस पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुई। भतरौंजखान-मोहान सड़क पर डभरा सौराल के पास अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया और चालक बस पर नियंत्रण नहीं पा सका, ब्रेक न लगने से बस अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से दौड़ने लगी। जैसे ही बस में सवार यात्रियों को ब्रेक फेल होने की जानकारी लगी तो चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही की तेज रफ्तार बस सड़क पर ही पलट गई। सूचना पर केमू प्रबंधन ने मौके पर दूसरी बस भेजी और यात्री गंतव्य को रवाना हुए।बीबी चंदोला, सुपरवाईजर, केमू प्रबंधन अल्मोड़ा ने बताया कि बस का ब्रेक फेल हो गया था। बस सड़क पर ही पलट गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। दूसरी बस भेजकर यात्रियों को गंतव्य को भेजा गया। सभी बस नई हैं। यह तकनीकी खराबी थी।

# वन मंत्री ने किया रुद्रप्रयाग में पौधरोपण

रुद्रप्रयाग। प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल रविवार को एक दिवसीय भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वन महोत्सव, हरेला एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की समीक्षा की। वन मंत्री द्वारा जनपद में एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत करते हुए पुलिस लाइन रतूड़ा एवं शिवनंदी ग्राम में वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर पौधरोपण किया।वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पौधरोपण कार्यक्रम में जनपद के सभी विभागों को वन विभाग के सहयोग से इस पौधरोपण काल में अपने-अपने विभागों की वाटिका विकसित करने को कहा। इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय प्रागण में खाली स्थानों पर इको क्लब बनाकर पेड़ लगाने एवं उनकी रक्षा करने को भी कहा। जनपद में हरेला कार्यक्रमों के दौरान 50 प्रतिशत फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। पौधरोपण एवं संरक्षण कार्यक्रमों में वन पंचायत एवं स्थानीय लोगों की भागीदारिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग देवेन्द्र सिंह पुण्डीर, वन क्षेत्राधिकारी संजय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# विश्व कल्याण और खुशहाली के लिए निकाली जल कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग। ऊखीमठ के चुन्नी गांव में नव निर्मित शिव मन्दिर में आयोजित तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ और शिव लिंग स्थापना के दूसरे दिन रविवार को जल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और क्षेत्र की खुशहाली व विश्व समृद्धि की कामना। रविवार को बड़ी संख्या में शिव भक्त बम बम भोले, हर हर गंगे के उद्घोषों के साथ करीब डेढ़ किमी दूर कुण्ड-चोपता राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राकृतिक जल स्रोत में पहुंचे। जहां पर वेदपाठी यशोधर मैठाणी ने 111 जल कलशो की विधि-विधान से पूजा- अर्चना के बाद 111 जल कलशों से सजी यात्रा निकली गई। महिलाओं के धार्मिक भजनों और सैकड़ों श्रद्धालुओं की जयकारों से सम्पूर्ण भूभाग गुजायमान हो उठा। जल कलश यात्रा के आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्प अक्षतों से भव्य स्वागत किया। सरलीकरण यज्ञ में शामिल विद्वान आचार्य घनानन्द मैठाणी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों में निकलने वाली जल कलश यात्रा में जो मनुष्य प्रतिभाग करते हैं उनके जन्म जनमान्तरों के पापों का हरण होता है। पण्डित अमर देव मैठाणी ने कहा कि आषाढ़ के गुप्त नवरात्रों में धार्मिक अनुष्ठानों का हजार गुणा पुण्य मिलता है। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रीता पुष्वाण, पण्डित रमेश चन्द्र सेमवाल, बचन सिंह रावत, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रर्मिला रावत, वर्मानन्द तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, बीरेन्द्र रावत, संजय तिवारी इन्द्र सिंह बर्त्वाल, नरेन्द्र रावत,प्रेम सिंह रावत, धर्मेन्द्र तिवारी, दिनेश जमलोकी, कर्मवीर बर्त्वाल, अक्षय पुष्वाण सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

## स्थानांतरण में अधिनियम का पालन न होने पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। स्थानांतरण अधिनियम के अनुरूप शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए शिक्षकों ने विकास भवन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि अधिकारी स्थानांतरण अधिनियम का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि ऐसा ही रहा तो वे न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर होंगे। रविवार को विकास भवन में आयोजित स्थानांतरण काउंसलिंग में बड़ी संख्या में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक पहुंचे। मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में कई अधिकारियों द्वारा काउंसलिंग ली जा रही थी कि इसी बीच शिक्षकों ने स्थानांतरण का अधिनियम के तहत उचित लाभ नहीं दिए जाने पर आपत्ति जताई। साथ ही विरोध करने लगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह झिंक्वाण ने कहा कि कर्मचारी-शिक्षकों की मांग पर सरकार ने स्थानांतरण अधिनियम बनाया किंतु अब अधिकारी इसका सही रूप से पालन नहीं कर पा रहे हैं। जिन्होंने आवेदन किया है उन्हें अधिनियम के तहत उचित लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि जबरन लिखवाया जा रहा है। अपने विकासखंड का विद्यालय भी नहीं दिया जा रहा है और जबरन दूसरे विकासखंड का विद्यालय लिखवाया जा रहा है। जबकि अधिनियम में विकासखंड की बाध्यता नहीं है।

# संक्षिप्त खबरें

## थराली में पिंडर का पानी घरों में घुसा

चमोली। शनिवार देर शाम को प्राणमती नदी के उफान पर आने के कारण थराली-पनगढ़ मोटर सड़क पर बना लकड़ी का अस्थाई पुल बह गया था। रविवार को भी क्षेत्र में रुक-रुक बारिश जारी हैं। शनिवार की देर रात अचानक पिंडर सहित प्राणमति नदी देर रात 9 बजे से उफान पर आने लगी। नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण थराली बाजार क्षेत्र में नदी का पानी आवासीय क्षेत्र में घुसने लगा। जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोनिवि थराली के सहायक अभियन्ता जेके टम्टा ने बताया कि देवाल ब्लॉक में 2, थराली में 2 और नारायणबगड़ में एक जेसीबी मशीन बंद सड़कों को खोलने के लिए लगाई गई हैं। जो लगातार कार्य कर रही हैं।

## आदिबदरी के पास कार खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत

चमोली। शनिवार रात को कर्णप्रयाग-रानीखेत हाईवे पर आदिबदरी के पास एक कार गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज उप जिला अस्पताल कर्णप्रयाग में किया जा रहा है। वाहन में सवार लोग आपस में रिश्तेदार और पारिवारिक सदस्य हैं। वे रूड़की से सगाई समारोह में शामिल होकर कांसुवा गांव आ रहे थे। दुर्घटना का कारण सड़क पर घना कोहरा होना बताया जा रहा है। दुर्घटना में 80 वर्षीय बिंसरी देवी पत्नी कुशाल सिंह कुंवर निवासी कांसुवा की मौके पर मौत हो गई थी। घायल उषा देवी पत्नी मोहन प्रसाद की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में कांसुवा गांव के ही 58 वर्षीय मोहन प्रसाद पुत्र धर्मानंद (चालक), 20 वर्षीय प्रियांशु कुंवर पुत्र राकेश चंद्र, 56 वर्षीय विक्रम सिंह कुंवर पुत्र बच्चन सिंह और 51 वर्षीय उषा देवी पत्नी मोहन प्रसाद घायल हो गए।

## सड़कें अवरुद्ध, बिजली आपूर्ति ठप

चमोली। वर्षा,भूस्खलन, पहाड़ियों के टूटने से चमोली जिले में शनिवार की रात से लेकर रविवार तक जहां 41 सड़कें अवरुद्ध रहीं। वहीं बदरीनाथ से लेकर चमोली जिले के कई गांवों और क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। देवाल क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों में भी बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है। बदरीनाथ हाइवे पर बल्दौडा और पांडुकेश्वर के जंगलों से गुजरती विद्युत लाइने क्षतिग्रस्त होने से पांडुकेश्वर से लेकर बदरीनाथ तक विद्युत आपूर्ति रविवार को बाधित रही। आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार विद्युत वितरण विभाग बाधित हुई विद्युत लाइनों को सुचारू करने में जुटा है। चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के बड़े क्षेत्र में भी शनिवार की रात से विद्युत आपूर्ति ठप है। जिससे लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा। बारिश जारी है। ऐसे में गांवों में बिजली नहीं होने से ग्रामीण परेशानी में है।

## कांग्रेस प्रत्याशी बुटोला ने दशोली क्षेत्र में मांगे वोट

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रचार के लिए दशोली क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला ने जनसंपर्क कर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज है। और जन आवाज बनने के लिए हमेशा जनता के बीच कांग्रेस खड़ी रहती है। बुटोला ने कहा बदरीनाथ की जनता ने मन बना दिया है कि वह कांग्रेस को इस चुनाव में अपना आशीर्वाद देगी। बुटोला ने दशोली ब्लाक के फर्स्वाण फाट के रांगतोली, पोल, हरमनी, लस्यू, लासी, नवा, चल्थर, कहेड़ तथा घिंघराण क्षेत्र के रौलीग्वाड, देवर खडोरा, नैल, कुड़ाव आदि गांवों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं की।

## गिरीश उनियाल के प्रदेश प्रभारी बनने पर खुशी व्यक्त की

उत्तरकाशी। गिरीश उनियाल एक बार फिर राजकीय नर्सिंग सेवा संघ उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी चुने गए। रविवार को उत्तरकाशी सहित उत्तराखंड नर्सिंग सेवा संघ से जुड़े नर्सिंग पदाधिकारियों ने उनके प्रदेश प्रभारी चुने जाने पर खुशी व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष भारती जुयाल ने बताया कि उनियाल की कार्यशैली ने संघ के सदस्यों और स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में नर्सिंग सेवा संघ ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। प्रदेश प्रभारी उनियाल ने बताया कि नर्सिंग सेवा संघ को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाने की योजना है। इससे संघ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। डिजिटल माध्यमों के द्वारा नर्सिंग अधिकारीयों को जोड़ने और उनके मुद्दों को तेजी से हल करने के लिए एक सशक्त मंच तैयार किया जाएगा। संगठन के महामंत्री एलवीना, कोषाध्यक्ष मस्तराम ने उनके प्रदेश प्रभारी बनने पर खुशी जताई।

# उत्तराखंड के तीन जांबाजों को सम्मान, मेजर रविंद्र रावत और सचिन नेगी शौर्य चक्र से सम्मानित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जुलाई : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले 37 बहादुर सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-2024 में राष्ट्रपति ने 10 कीर्ति चक्र तथा 27 शौर्य चक्र प्रदान किए। 10 में सात कीर्ति चक्र और 27 में सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गए। सैन्य धाम उत्तराखंड के रहने वाले जांबाज कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत को भी कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।इंस्पेक्टर दिलीप कुमार दास, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा, कांस्टेबल शम्भू राय, सिपाही पवन कुमार, कैप्टन अंशुमन सिंह और हवलदार अब्दुल माजिद को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किए गए जबकि कांस्टेबल सफीउल्लाह कादरी, मेजर विकास भांभू, मेजर मुस्तफा बोहरा, राइफलमैन कुलभूषण मन्ता, हवलदार विवेक सिंह तोमर, राइफलमैन आलोक राव और कैप्टन एमवी प्रांजल को मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किए गए।



उत्तराखंड जांबाज पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया जबकि ग्रेनेडियर्स 55वीं बटालियन के मेजर सचिन नेगी, और आर्मर्ड कोर, 44वीं बटालियन के मेजर रविंदर सिंह रावत को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। मेजर सचिन और मेजर रविंदर जम्मू कश्मीर में कई आतंक विरोधी अभियानों में शामिल रहे और आतंकियों का सफाया किया।


उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के डांग गांव के रहने वाले मेजर दिग्विजय सिंह रावत को भी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अदम्य साहस के लिए 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया जाएगा। 21 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) के कमांडो मेजर दिग्विजय ने मणिपुर में उग्रवादियों का सफाया किया था। दरअसल बीते साल 5 जनवरी 2023 को गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करने पहुंचे थे। एक ऑपरेशन के दौरान उनको सूचना मिली कि घाटी के विद्रोही समूह एक वीआईपी को मणिपुर में निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं।इस सूचना के आधार पर मेजर रावत ने अपने एक सूत्र को सक्रिय किया, जिसने विद्रोही समूहों को भटका दिया। वह सूत्र सफलतापूर्वक विद्रोही समूह को उसी इलाके में ले गया, जहां मेजर दिग्विजय सिंह की टीम उनका इंतजार कर रही थी।आतंकवादियों ने सैनिकों को देखते ही ऑटोमेटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन गोलियों की बौछार के बीच भी हार न मानते हुए मेजर रावत ने अपनी टीम को कुशलता से नियंत्रित किया और खुद रेंगते हुए आतंकवादियों के एक कैप्टन को मार गिराया और दूसरे को घायल कर दिया।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कीर्ति चक्र से सम्मानित होने पर सैन्यभूमि उत्तराखण्ड के जाँबाज़ पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत, शौर्य चक्र से सम्मानित होने पर ग्रेनेडियर्स 55वीं बटालियन के मेजर सचिन नेगी और आर्म्ड कोर, 44वीं बटालियन के मेजर रविन्द्र सिंह रावत को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# Tinder पर मिली लड़की के साथ डेट पर जाना लड़को को पड़ा भारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जुलाई : एक समय था जब लोगों ने सोचा भी नहीं था कि ऑनलाइन भी कभी काम किया जा सकता है, लेकिन अब तो लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहे हैं, चाहे वो बैंकिंग से जुड़े काम हों या फिर शॉपिंग ही क्यों न हो. इतना ही नहीं, अब तो कई सारे ऑनलाइन डेटिंग ऐप भी शुरू हो गए हैं, जिसकी मदद से लोग अपना मनपसंद पार्टनर भी चुन रहे हैं. हालांकि कई बार इस ऑनलाइन डेटिंग के चक्कर में लोग धोखा भी खा जाते हैं. महाराष्ट्र के ठाणे के रहने वाले एक शख्स के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है।




दरअसल, इस शख्स की टिंडर डेट ने तब अप्रत्याशित मोड़ ले लिया जब उसे उसकी डेट और रेस्टोरेंट दोनों ने धोखा दे दिया. रेस्टोरेंट ने उसे 44 हजार रुपये का बिल थमा दिया, जिसे देख कर उसके भी होश उड़ गए. इस घटना को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने शेयर किया है और भारी भरकम बिल की तस्वीर भी पोस्ट की है. तस्वीर के साथ यूजर ने लोगों को आगाह करते हुए लिखा है, 'दोस्तों, सावधान रहें. टिंडर घोटाले से जुड़ा एक रेस्टोरेंट का बिल पोस्ट कर रहा हूं, जहां मेरा एक दोस्त एक लड़की के साथ डेट पर गया था. होटल का नाम है होटल डी ग्रैंडियर, रॉयल प्लाजा बिल्डिंग, भक्ति पार्क, आनंद नगर, ठाणे।

बिल देखने से पता चल रहा है कि टिंडर डेट पर गए व्यक्ति ने उस दिन 18 जैगर बॉम्ब कॉकटेल, दो रेड बुल, फ्रेंच फ्राइज़, नमकीन मूंगफली, चार चॉकलेट ट्रफल केक और एक स्पेशल मिक्स का ऑर्डर दिया था, जिसका बिल 44,829 रुपये था. ये घटना बीते 12 जून की है. अब चूंकि शख्स को ये अंदाजा ही नहीं था कि बिल इतना लंबा-चौड़ा आ जाएगा, ऐसे में वो बिल देख कर हैरान रह गया और उसने तुरंत ही पुलिस को फोन कर दिया. पुलिस के आने के बाद शख्स को थोड़ी राहत मिली, क्योंकि रेस्टोरेंट ने उसके बिल में 4 हजार रुपये की कटौती कर दी, पर फिर भी न चाहते हुए भी उसे 40 हजार रुपये का भुगतान करना ही पड़ा।

सोशल मीडिया पर यह पोस्ट जमकर वायरल हो रहा है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं. एक यूजर ने लिखा है, 'लोग ऑर्डर करने से पहले मेनू कार्ड पर कीमत क्यों नहीं देखते?', तो एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'बिल की ये राशि मेरी मंथली सैलरी है', तो एक ने लिखा है कि '18 जैगर बम कौन पीता है भला। इसी तरह एक और यूजर ने लिखा है, 'क्या 18 जैगर बम वाकई ऑर्डर किए गए थे या सिर्फ बिल पर 18 दिखाए गए हैं? शायद CCTV से साबित हो जाए? यह एक मुश्किल स्थिति है. आप कैसे साबित करेंगे कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है? जब तक आपको यकीन न हो कि आपने इतने सारे शॉट्स ऑर्डर नहीं किए हैं, तब तक आपको गवाह/सबूत की जरूरत होगी।

# जूहा शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगवीर और मंत्री उम्मेद बने

नई टिहरी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अधिवेशन में रविवार को संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जगवीर सिंह खरोला लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं उम्मेद सिंह नेगी मंत्री चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए शिक्षकों की समस्याओं के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर संघर्ष करने का ऐलान किया।बौराड़ी में एक होटल में आयोजित जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अधिवेशन में शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान चुनाव अधिकारी तस्लीम कुरैशी के देखरेख में नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर जगवीर सिंह खरोला ने मुनें द्रराणा को 349 मतों से हराया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शेर सिंह पंवार ने अखिलेश उनियाल, मंत्री पद पर उम्मेद सिंह नेगी ने अनिल देशमुख, कोषाध्यक्ष पद पर सुधा उनियाल ने वीर सिंह कोहली, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री पद पर श्याम लाल आर्य ने सुनील नौटियाल को हराकर जीत दर्ज की। नवनिर्वाचि पदाधिकारियों को डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल, डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष अनुसूया नौटियाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष खरोला, मंत्री नेगी ने सरकार से स्थानांतरण पॉलिसी ठीक करने, प्रमोशन, अनिर्वाय ट्रांसफर की काउंसलिंग पारदर्शी करने, प्रतापनगर, भिलंगना सहित अन्य ब्लॉकों में रिक्त पदों पर नियुक्ति कक्षा 1 से 8 कक्षा का एक निदेशालय बनाने, जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों का राज्य स्तरीय कैडर बनाने, कार्यकाल में तीन पदोन्नति देने, इस संवर्ग के शिक्षकों को हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नत करने, गोल्डन कार्ड को ओपीडी से संचालित करने, वेतन विसंगति दूर करने और कनिष्ठ व वरिष्ठ के मुद्दों का निस्तारण करने की मांग की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बहुगुणा, जाखणीधार ब्लॉक अध्यक्ष जयपाल गुसाईं, शैलेंद्र मैठाणी, रामानुज बहुगुणा, मनोहर चमोली, गौतम भट्ट, चंद्रपाल चौहान, उम्मेद सिंह पुंडीर, दीवान रावत, भगत सिंह भंडारी, प्रकाशी सेमवाल, रजनी प्रजापति,विजय लक्ष्मी डबराल, सतीश फोंदणी, लाख सिंह चौहान, राम सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तीस घंटे बाद खुला बदरीनाथ राजमार्ग

नई टिहरी। ऋषिकेश-श्रीनगर हाईवे रविवार को तीस घंटे बाद यातायात के लिए पूरी तरह से खुल गया। बीते शनिवार भारी बारिश से राजमार्ग कई स्थानों पर बाधित हो गया था। राजमार्ग खुलने से श्रीनगर और ऋषिकेश से वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई। एनएच द्वारा रविवार सुबह 10 बजे तक जेसीबी के जरिये तोताघाटी में आये मलबे को हटाया जा सका। जिसके बाद यहां वाहनों की ऋषिकेश तक आवाजाही पूरी तरह शुरू हो पाई। वहीं देवप्रयाग ऋषिकेश के बीच फंसे भारी वाहन भी तीस घंटे बाद आगे बढ़ पाए। ऋषिकेश से सुबह चलने वाली नियमित बस सेवाएं भी रविवार को इस रूट से नही निकली। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि ऋषिकेश देवप्रयाग के 70 किमी क्षेत्र में कई स्थानों पर लगातार पत्थर गिरने व भू स्खलन होने से लोगों को यहां अनावश्यक यात्रा नही करने की सलाह दी जा रही है।

### खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा 2 सितंबर से

नई टिहरी। भिलंगना क्षेत्र विकास समिति और खतलिंग देवलिंग पर्यटन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक साल आहुत होने वाली खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा 2 सितंबर को शुरू होगी। राज्य आंदोलन के प्रणेता व उत्तराखंड के गांधी के नाम से प्रसिद्ध स्व. इंद्रमणि बडोनी ने इसी तिथि को 1980 में खतलिंग ग्लेशियर यात्रा को शुरू किया था। समिति से जुड़े और केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के मीडिया सलाहकार सूर्यप्रकाश सेमवाल ने बताया कि खतलिंग ग्लेशियर सामरिक और प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण है। बीते 8 वर्षों से लगातार सितंबर के प्रथम सप्ताह में खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा को दिल्ली से संचालित किया जा रहा है। बताया कि अब प्रत्येक साल 2 सितंबर को ही इस यात्रा का आधिकारिक शुभारंभ किया जाएगा।

### नागरिक मंच के छठी बार अध्यक्ष बने सुंदर लाल उनियाल

नई टिहरी। नागरिक मंच नई टिहरी का द्विवार्षिक सम्मेलन रविवार को सामुदायिक मिलन केंद्र में विधिवत संपन्न हुआ। इस मौके पर मंच की कार्यकारिणी का चुनाव भी चुनाव अधिकारी कर्म सिंह तोपवाल और अब्दुल अतीक की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल व कमल सिंह महर निर्वाचित हुए। जबकि छठी बार अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल को चुना गया। उपाध्यक्ष चतर सिंह चौहान और भगवान चंद रमोला और दूसरी बार मंत्री जगत सिंह नेगी बने। उपमंत्री त्रिलोक चंद रमोला, कोषाध्यक्ष नरोत्तम दत्त जखमोला, प्रचार मंत्री किशोरी लाल चमोली व पीतांबर दत्त नौटियाल व संप्रेक्षक राजेंद्र असवाल चुने गये। निर्वाचित अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि नागरिक मंच आम लोगों की समस्याओं को लेकर निरंतर तत्पर रहेगा। शहर में होने वाली विकास कार्यों व जनसुविधाओं को लेकर निरंतर मुखर रहेगा। इस मौके पर डा. यूएस नेगी, प्रीती चौहान, उम्मेद सिंह रावत, डा. राकेश भूषण गोदियाल, भूपेंद्र चौहान, भरत सिंह रावत, हरि प्रसाद, भगवान देई, बीपी बधानी, इकबाल, राजपाल, गोविंद पुंडीर, नजाकल अली आदि मौजूद रहे।

### टिहरी बांध से पानी छोड़ने के बाद पुराने स्वरुप में लौटी भागीरथी

नई टिहरी। भागीरथी को 36 दिन बाद टिहरी बांध से छोड़े जाने के बाद वह अपने पुराने वेग के साथ देवप्रयाग पहुंची। इससे जहां भागीरथी घाटी का लम्बे समय से बना सन्नाटा टूटा, वहीं श्रद्धालु खुशी में गंगा की जय जयकार कर उठे। देवप्रयाग में ही भागीरथी, अलकनंदा से संगम कर गंगा नाम धारण करती है। भागीरथी को बीती 2 जून को रोके जाने से देवप्रयाग तक के 45 किमी क्षेत्र में जन जीवन खासा प्रभावित रहा। टीएचडीसी सूत्रों के अनुसार, कोटेश्वर बांध से रविवार को भागीरथी का जल छोड़ने की शुरूआत कर दी गई है। जिसमें शुरू में 10 से 15 क्यूमेक्स तक जल छोड़ा जायेगा जो आगामी दिनों में धीरे-धीरे बढ़ाया जायेगा। वहीं क्षेत्र में भारी बारिश से टिहरी से देवप्रयाग तक के करीब आठ गदेरे भी उफान पर हैं। इनसे भागीरथी का जलस्तर यहां बढ़ा हुआ भी दिखा।

# उत्तराखंड के इस गांव को कहते हैं 'परियों का देश', रहस्यों से भरी है ये जगह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 08 जुलाई : उत्तराखंड में स्थित हिल स्टेशन्स की खूबसूरती को देखने के लिए देश-विदेश से टूरिस्ट्स की अच्छी खासी तादाद आती है। लेकिन कभी-कभी खूबसूरत जगहों के पीछे छिपे रहस्य टूरिस्ट्स को भी हैरान करके रख देते हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ रहस्यमयी होने की वजह से भी जानी जाती है। उत्तराखंड में स्थित इस छोटे से हिल स्टेशन की खूबसूरती की तुलना अक्सर स्वर्ग की सुंदरता से की जाती है। आपको बता दें कि इस हिल स्टेशन का नाम खैट पर्वत है। खैट पर्वत को 'परियों का देश' नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड के गढ़वाल जिले में स्थित थात गांव के इस हिल स्टेशन को कम बजट में एक्सप्लोर किया जा सकता है।

इस जगह पर रहने वाले लोगों का कहना है कि इस जगह पर परियां दिखाई देती हैं। मान्यता ये है कि इस जगह पर नजर आने वाली परियां थात गांव की रक्षा करती हैं। कुछ लोग इन्हें योगिनियां और वनदेवियां भी मानते हैं। इतना ही नहीं इस गांव के पास स्थित खैटखाल मंदिर को भी रहस्यमयी माना जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस गांव में जून के महीने में मेला भी लगता है। हरियाली से घिरी ये जगह आपके सारे के सारे स्ट्रेस को दूर कर सकती है। अगर आप चाहें तो आप यहां पर कैंपिंग भी कर सकते हैं। लेकिन इस खूबसूरत लेकिन रहस्यमयी गांव में शाम को 7 बजे के बाद कैंप से बाहर निकलने की परमिशन नहीं है। इसके अलावा यहां पर म्यूजिक बजाने के लिए भी मना किया जाता है क्योंकि माना जाता है कि परियों को शोर पसंद नहीं है।



# हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की बल्ले-बल्ले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हिमाचल 08 जुलाई : हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम को वर्ष 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में 7 करोड़ का मुनाफा हुआ है. यह मुनाफा 2024 के पहले 6 महीनों में रिकॉर्ड किया गया है. हालांकि, इस वर्ष गर्मियों के शरुआती चरण में चुनाव के कारण प्रदेश में पर्यटकों की संख्या कम रही, लेकिन उसके बावजूद भी शुरुआती 6 महीनों में निगम को अच्छा मुनाफा हुआ है.

निगम द्वारा पर्यटकों को सुविधाएं देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं. पुराने होटलों को रेनोवेट किया जा रहा है और नए होटल भी शुरू किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि पर्यटन विकास निगम को बीते वर्ष के मुकाबले 7 करोड़ का मुनाफा हुआ है. पर्यटन विकास निगम पर्यटकों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास निगम के छोटे और



बड़े कुल मिला कर 65 होटल हैं. इनमें सबसे ज्यादा पर्यटक मनाली पहुंचते हैं. इसके अलावा शिमला, चायल, चंबा आदि स्थान भी पर्यटकों की सबसे पहली पसंद है. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट को बढ़ाया गया है. इसके अलावा 30 से 40 वर्ष पुराने होटलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिनमें मनाली के 3 बड़े होटल भी शामिल हैं. कुछ होटलों को एक्सपैंड किया जा रहा है, उनमें नए कमरों को बनाया जा रहा है. कुछ नए होटल भी बनाए गए है, जिनमें क्यारी घाट, कसौली आदि के होटल शामिल हैं. इसके अलावा निगम की कुछ वीआईपी प्रॉपर्टी भी इन होटलों में शामिल है।

# कंपनी को लगाया 10 करोड़ का चूना शादी की और निकल गया हनीमून पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जुलाई : हर इंसान का सपना होता है कि उसकी जीवन अच्छे से गुजरे और शादी एकदम आलीशान तरीके से हो. इसके लिए इंसान बचपन से ही जी तोड़ मेहनत करके पढ़ाई करता है, ताकि उन्हें अच्छी नौकरी मिल सके और उनके सारे काम आसानी हो सके. हालांकि कुछ लोग ऐसे होते हैं जो सफलता पाने के लिए शॉर्टकट अपनाते हैं. हाल के दिनों एक ऐसा ही किस्सा लोगों के बीच चर्चा में है. जहां एक शख्स ने अपना कर्जा चुकाने, शादी और हनीमून के लिए कंपनी को 10.6 करोड़ का चूना लगा दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 32 साल के एक शख्स ने अपनी कंपनी को 10.6 करोड़ को चूना लगा दिया और इन पैसों से उसने अपना पहले तो कर्ज खत्म किया और इसके बाद बचे हुए पैसों का इस्तेमाल उसने अपनी शादी और हनीमून के लिए लिया. रिपोर्ट के मुताबिक इन पैसों से अपने 40 लाख रुपये के दो लोन का भुगतान किया. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये पैसे वो मैच में सट्टा लगाने के कारण हार गया था। इतना ही नहीं बचे हुए



पैसों को उसने अपना समझकर 15 लाख रुपये को शेयर और म्युचुअल फंड में निवेश कर दिया और 15 लाख खुद पर खर्च करके ग्रूम किया. इतना ही नहीं, शख्स ने इन पैसों में से 16 लाख रुपये खर्च कर अपनी शादी कर ली. इसके बाद 3.5 लाख रुपये हनीमून पर खर्च कर दिए. अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि शख्स ने इस घोटाले को कैसे किया. दरअसल हुआ यूं कि शख्स ने 10 करोड़ का ये घोटाला बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने, दूसरे क्लाइंट से कमीशन लेकर किया था। अपने इस प्लान को पूरा करने के लिए उसने अपनी बहन, दोस्त, पत्नी के खातों का इस्तेमाल किया. फिलहाल कंपनी को जब इस बात का अहसास हुआ तो उसने उसकी शिकायत की और उसे अप्रैल महीने में गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस की कार्यवाही के दौरान उससे जब पूछताछ की गई. जहां उसने इस बात का खुलासा किया कि उसने अपने लालच के चक्कर में कंपनी का नुकसान किया और इतनी बड़ी चोरी कंपनी से की. फिलहाल शख्स के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पेयजल किल्लत से गुस्साए लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिद्वार। उपनगरी ज्वालापुर की राजलोक कॉलोनी, विष्णुलोक कॉलोनी, दुर्गा विहार आदि कॉलोनियों में करीब 15 हजार की आबादी को 27 घंटों तक पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। पंपिंग स्टेशन चालू नहीं होने की वजह से सप्लाई ठप रही। रविवार को गुस्साए लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी की, तब तक लोगों के लिए पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। क्षेत्रवासी और शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर के अध्यक्ष विपिन गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, विशाल शर्मा आदि ने बताया कि राजलोक कॉलोनी और आसपास की करीब 25 आवासीय कॉलोनियों में शनिवार दोपहर 12 बजे से पानी की सप्लाई बंद है। क्षेत्र की करीब 15 हजार की आबादी को शनिवार से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। जल संस्थान के अधिकारियों से बात करने के बाद भी केवल आश्वासन दिया गया। कॉलोनियों में प्याऊ और हैंडपंप तक नहीं हैं। अधिकारियों से कई दफा आग्रह करने पर रविवार को दो घंटे बाद पानी का टैंकर भेजा गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने इधर-उधर से पानी की व्यवस्था की। रविवार को प्रदर्शन के बाद जल संस्थान ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। शाम तीन बजे सभी कॉलोनियों में पानी की सप्लाई सुचारु हुई है। उन्होंने मांग की है कि पंपिंग स्टेशन पर लो वोल्टेज और हाई वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। समस्या का समाधान नहीं होने पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में विशाल शर्मा, धीरेंद्र कुमार, नितिन शर्मा, पूर्व पार्षद निशा कांत शुक्ला, जय किशन शर्मा, सौरभ कुमार, राजेंद्र कुमार, सुर्यांश, शिवम, कुंदन, लोकेश, पदम सिंह, दीपू, अशोक कुमार, संजीव, एसबी जोशी, पंकज कुमार, निशा, पूजा, अनिता, ममता आदि शामिल रहे।

### पश्चिम बंगाल में महिलाओं के शोषण पर जताई चिंता

हरिद्वार। मातृशक्ति जागरण समिति से जड़ी महिलाओं ने रविवार को एडीएम प्रशासन को ज्ञापन देते हुए कहा की पश्चिम बंगाल में महिलाओं की स्थिति चिंताजनक है। महिलाओं ने कहा कि कूच बिहार और उत्तर दानापुर (चोपरा) की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देने वाली है। महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। हम सभी इन घटनाओं से अत्यंत व्यथित हैं तथा घटना की न्यायिक जांच करवा कर सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं। ज्ञापन देने वालों में मनु, नेहा, सीमा, वंदना, रेखा, मंजू नौटियाल, मानसी, बबीता, मंजीत, रजनी, प्रगति, मनीषा, रेखा झा, आदि शामिल रही।

### रोड़ीबेलवाला से अतिक्रमण हटाया

हरिद्वार। कांवड़ मेले से ठीक पहले जिला प्रशासन-पुलिस मकहमे ने अतिक्रमण विरोधी अभियान को आगे बढ़ाते हुए रविवार को रोड़ीबेलवाला मैदान से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। छह घंटे तक चले अभियान में चार जेसीबी की मदद से बड़ी संख्या में अस्थाई अतिक्रमण ध्वस्त कर कर दिए गए। अतिक्रमणकारियों की अतिक्रमण विरोधी दस्ते से नोकझोंक भी हुई, लेकिन उनकी एक न चली। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने पूरे क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। कांवड़ मेला नजदीक है, ऐसे में मेला क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। हरकी पैड़ी से सटे रोड़ीबेलवाला मैदान में कांवड़ मेले का खासा दबाव रहता है। डाक कांवड़ के दोपहिया वाहन वाहन यहीं पार्क होते हैं, ऐसे में मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की कवायद तेज कर दी है। रविवार को एसडीएम अजयवीर सिंह, सीओ सिटी जूही मनराल, कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा की अगुवाई में नगर निगम कर्मचारी और पुलिस फोर्स ने अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया गया। अभियान के शुरू होते ही पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। चार जेसीबी की मदद से अलग अलग स्थान पर अतिक्रमण पर पीला पंजा गरजा। झुग्गी झोपड़ियों के अलावा अस्थाई रेस्टोरेंट-ढाबे भी ढहा दिए गए। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमणकारियों का सामान भी कब्जे में ले लिया, जिसके बाद उन्हें ट्रक में लादकर नगर निगम कैंपस ले जाया गया। दस्ते को कार्रवाई करता देखकर कई अतिक्रमणकारी खुद ही अपना अपना सामान लेकर भाग खड़े हुए। दोपहर बारह बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम छह बजे तक अनरवत चलती रही। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण फिर से न हो इसकी भी मॉनीटरिंग की जाएगी।

### पहाड़ी महासभा के कार्यालय का उद्घाटन किया

हरिद्वार। रविवार को दिवाकर भट्ट और श्रीमहंत रघुवीर दास महाराज ने फीता काटकर पहाड़ी महासभा के कार्यालय का उद्घाटन किया। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीमहंत रघुवीर दास महाराज ने चुनाव अधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। जिसमें त्रिलोक चन्द्र भट्ट को मुख्य चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारीश्री मनीष काला और कमल मिश्रा को बनाया गया। जल्द ही सभी व्यवस्थाएं बनाकर संगठन के चुनाव तिथि की घोषणा की जाएगी। दिवाकर भट्ट ने कहा कि आज तक हम संगठित नहीं हो पाए हैं।

# यहां जाने के बाद मदहोश हो जाते हैं टूरिस्ट




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जुलाई : फागू हिमाचल प्रदेश में है और बेहद सुंदर हिल स्टेशन है. एक बार हर किसी को फागू जरूर घूमना चाहिए। फागू की सुंदरता देखकर आप मदहोश हो जाएंगे. यहां की अद्भुत खूबसूरती और प्रकृति की अनुपम सुंदरता टूरिस्टों का दिल जीत लेती है। फागू साल के 9 महीने कोहरे से घिरा रहता है और यहां की वादियां बर्फ से ढकी रहती हैं।

फागू बेहद शांत और प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य से भरा हुआ स्थल है. यह खूबसूरत पहाड़ी गांव शिमला से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बेहद कम ही टूरिस्टों को इस जन्नत जैसी जगह के बारे में पता होता है. एक बार जो भी फागू की हसीन वादियों, झरनों, नदियों और शांतिप्रिय वातावरण को देख लेता है उसका बार-बार छुट्टियों में यहां आने का मन करता है. फागू शिमला और मनाली से भी खूबसूरत है. यहां आप नदियां, झरने और तालाब देख सकते हैं. ट्रैकिंग और कैंपिंग भी कर सकते हैं।

# दून को पेड़ों की छांव देने के लिए लगाए 11 हजार से ज्यादा पौधे

■ उमेश अग्रवाल फाउंडेशन और एलोरास मेल्टिंग मोमेंट्स के प्रोजेक्ट छांव में जुटे बड़ी संख्या में दूनवासी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 08 जुलाई : देहरादून को फिर से हराभरा बनाने के लिए उमेश अग्रवाल फाउंडेशन और एलोरास मेल्टिंग मोमेंट्स ने "प्रोजेक्ट छांव" के अंतर्गत रविवार को बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया। राजकीय पॉलिटेक्निक के पास, नाला पानी रोड, आमवाला, देहरादून शहर में लगभग 11 हजार से अधिक पौधे रोपे गए। इससे पहले इन संस्थाओं ने दून के विभिन्न इलाकों में तुलसी के 15 हजार पौधे बांटे। वहीं, इस पौधारोपण को जारी रखने तथा लगाए गए सभी पौधों की पांच साल तक देखभाल करने का निर्णय लिया गया है।

दून में इस साल तापमान पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ। इस समस्या का समाधान शहर को हरियाली का आवरण पहनाकर ही दूर किया जा सकता है। इसी सोच के साथ उमेश अग्रवाल फाउंडेशन और एलोरास ने "प्रोजेक्ट छांव" के संचालन का निर्णय लिया। इस अभियान में शहरवासियों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रोजेक्ट छांव का थीम सॉंग लांच किया गया। वृहद पौधारोपण अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजक संस्थाओं ने जानकारी दी कि इस पहल से न केवल शहर की हरियाली बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस छोटी सी पहल से हम अपने शहर को और बेहतर और स्वच्छ-सुंदर बना सकते हैं। इस अभियान में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है।

प्रोजेक्ट छांव की पहल को रायपुर विधायक उमेश शर्मा, राज्य मंत्री ज्योतिप्रसाद गैरोला, देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, प्रमुख व्यवसायी अनिल गोयल सहित शहर के बड़ी संख्या में लोगों का सहयोग मिला। इस पहल को क्रिएटिव माइंड्स, ओहो रेडियो, रेड एफ एम, डिस्कवर मैगजीन, द गढ़वाल पोस्ट, द मैड फाउंडेशन, इनटू द फ्यूचर और जटपट डिलीवरी ने सहयोग दिया।




## संक्षिप्त खबरें

### रजवाहे में मिला लापता ग्रामीण का शव

हरिद्वार। क्षेत्र से लापता चल रहे एक व्यक्ति का शव रविवार को रजवाहे में मिला। पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र की वीआईपी कॉलोनी निवासी जसवंत कुमार 48 वर्ष तीन दिन पूर्व लापता हो गए थे। उनकी मोटरसाइकिल क्षेत्र के रजवाहे से बरामद हुई थी, लेकिन उनका अता पता नहीं चल सका था। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि रविवार को जसवंत का शव सिंचाई विभाग के रजवाहे से बरामद हुआ। संभवत सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ हो जाएगी।

### शांतिकुंज में रोपे पौधे

हरिद्वार। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, बड़ौदा गुजरात की टीम कश्मीरा बेन के नेतृत्व में रविवार को शांतिकुंज पहुंचीं। टीम ने शांतिकुंज के उद्यान विभाग के निकट सीता अशोक में पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने किया। कश्मीरा बेन ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ बड़ौदा की टीम 5 जून 2016 से प्रत्येक रविवार को पौधरोपण की श्रृंखला का प्रारंभ किया था। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि वृक्ष प्रकृति के परिधान है, जलदाता-जीवनदाता है। मानव जाति के अनन्य सेवक हैं। गायत्री परिवार ने वृक्ष गंगा अभियान की शुरुआत की है जिसके एक करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान को 4 श्रेणियों में बांटा गया है।

### साइबर ठग ने युवक के खाते से 1.25 लाख निकाले

हरिद्वार। एक युवक के खाते से 1.25 लाख की रकम उड़ा ली गई। साइबर ठगी का शिकार हुए युवक ने रविवार को कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में प्रिंस वर्मा निवासी पांडेयवाला ने बताया कि उसका खाता एचडीएफसी बैंक शाखा में है। आरोप है कि दो और तीन जून को उसके खाते से 1.25 लाख की रकम निकाली गई। उसने बैंक शाखा में शिकायत करते हुए साइबर सेल को भी अगवत कराया। साइबर सेल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 19000 रुपये की रकम होल्ड करा दी। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अमर शहीद जगदीश वत्स को याद किया

हरिद्वार। स्वतंत्रता उत्तराधिकारी परिवार समिति ने रविवार को अमर शहीद जगदीश वत्स पार्क जटवाड़ा पुल में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संगठन के महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि प्रत्येक स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार को अपने पूर्वज के नाम से कर्क संक्रांति 16 जुलाई को पौधरोपण करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर डॉ. वेदप्रकाश आर्य, कैलाश वैष्णव, अर्जुन सिंह राणा, सुरेश चंद्र सुयाल, जगदीश लाल पाहवा, शिवेन्द्र सिंह गहलौत, आदित्य प्रकाश उपाध्याय, कुशल उपाध्याय, मंजूलता भारती, अशोक दिवाकर, डॉ. विनोद आर्य, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

### कॉरिडोर योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को भी शामिल करें: चोपड़ा

हरिद्वार। लघु व्यापारियों का केंद्रीय संगठन नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक रविवार को नई दिल्ली स्थित लोधी मार्ग इंडिया इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड के रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों का प्रतिनिधित्व प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने किया। संजय चोपड़ा ने उत्तराखंड में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों की अपेक्षा के साथ ऋषिकेश, हरिद्वार कॉरिडोर जैसी योजना व राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली की धाराओं के अनुरूप कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को कॉरिडोर योजना में सम्मलित किए जाने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने की। दो दिवसीय बैठक में भारतवर्ष के 26 राज्यों में रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स की आजीविका सुरक्षित किए जाने की लक्ष्य पूर्ति की प्रगति रिपोर्ट राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह ने प्रस्तुत की।

# लोक गायिका कबूतरी देवी को पुण्यतिथि पर याद किया

पिथौरागढ़। नगर में पहाड़ की लोक गायिका स्व. कबूतरी देवी को पुण्यतिथि पर याद किया। रविवार को छटीं पुण्यतिथि पर विभिन्न संगठनों ने उनकी याद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान उनके लोकप्रिय गीत पहाड़क ठंडो पानी.., सर्ग तारा ज्युनली रात सहित गीत गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कबूतरी देवी ने अपने गीतों से लोगों के पहाड़ के दर्द से रूबरू कराने का काम किया है। यहां लोक गायक मनोहर आर्या, सुंदर राम, जोहारी राम, दिनेश चंद्र पाठक, प्रवीण जंगपांगी, अर्जुन सिंह रावत, विनोद पंत, चंद्र मोहन पांगती, अनिल कार्की सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चौथे दिन भी जारी रहा रोडवेज कर्मियों का धरना

पिथौरागढ़। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज कर्मी का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। शाखा अध्यक्ष दीपक सिंह बोहरा के नेतृत्व में कर्मियों ने रोडवेज वर्कशाप में मांगों को लेकर अडिग रहे। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व में हुए समझौते का पालन नहीं कर रही है। इससे कर्मी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।इस दौरान राकेश कुमार, प्रेम पांडे, पंकज जोशी, दीपक पांडे, गगनदीप सिंह, रोशन कुमार, कमल तिवारी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# चंडाक में नाली चौक, सड़क पर बह रहा दूषित पानी

पिथौरागढ़। नगर के चंडाक क्षेत्र में मानसून काल में भी नाली चौक होने से लोग परेशान हैं। रविवार को नाली चौक होने से सड़कों पर बहने लगा है। इससे पैदल आवाजाही कर रहे लोगों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से नालियां चौक हैं। कुछ जगह तो मिट्टी व गंदगी जमा होने से नाली का नाम निशान भी समाप्त हो गया है।

## संपादकीय



# कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए।हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए।ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# राज्य आंदोलनकारियों ने की लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर पेंशन की मांग

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार पर द्वारा उनकी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बार बार मांग के बावजूद उनको जीवन यापन योग्य पेंशन नहीं दे रही है। उनके क्षैतिज आरक्षण के विधेयक को बार बार किसी न किसी बहाने लटकाया जा रहा है। राज्य बनने के 24 वर्ष बाद भी चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। आश्रितों की पेंशन की घोषणा को तीन वर्ष हो गए हैं किन्तु अभी तक पेंशन नहीं दी गई है। राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक में उन्हें बीस हजार रुपये मासिक पेंशन लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर दिये जाने की मांग की। बैठक में मनिआगर -नगरखान मोटर मार्ग में शीघ्र डामरीकरण किए जाने, दशों -बमनस्वाल मोटर मार्ग के दशों से बमनस्वाल तक चौड़ीकरण व डामरीकरण की मांग की। बैठक में तय किया गया कि 07 अगस्त को राज्य आंदोलनकारी गांधी पार्क अल्मोड़ा में उक्त मांगों के लिए धरना देंगे तथा आगामी रणनीति तय करेंगे। रविवार की बैठक में ब्रह्मा नंद डालाकोटी, दौलत सिंह बगड्वाल, नवीन डालाकोटी, गोपाल बनौला, शंकर दत्त, सहित अन्य राज्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

## लगातार बारिश से नालियां बंद, सड़के जलमग्न

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय में गुरुवार से जारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बनी रही। रविवार को जारी बारिश से नगर के विभिन्न स्थानों में नालियों के चोक होने से पानी रास्तों में बहने लगा। इससे सड़कों पर जलभराव हो गया। लोगों को आवाजाही करने में परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय व्यवसायी दीपक बिष्ट ने पालिका से चोक हुई नालियों की सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने की मांग की है।

# काली नदी ने चेतावनी स्तर को किया पार

पिथौरागढ़। जिले में बारिश लगातार जारी है। इससे जिले में प्रवाहित होने वाली नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। बारिश से धारचूला में बहने वाली काली नदी चेतावनी स्तर 889 मीटर को पार कर चुकी है। आपदा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार काली नदी चेतावनी स्तर 889 मीटर को पार कर 889.70 मीटर तक पहुंच गई है। इससे नदी किनारे रहने वाले लोग डर के साए में जी रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से एतिहात बरतने की अपील की है।

# गंगोलीहाट में आपदा प्रभावितों ने की मुआवजे की मांग

पिथौरागढ़। लगातार हो रही भारी वर्षा ने दो घरों को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे लोग डर के साए में इन घरों में रहने को मजबूर हैं। तहसीलदार ने बताया कि वर्षा से लोगों के घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम खरिक पट्टी चौपाता निवासी चारू पंत व बिमला पंत ने जानकारी दी अतिवृष्टि से भू-धसांव के कारण घरों की दिवारों में दरारें आ गई है। उन्होंने शासन से क्षतिग्रस्त घरों का आंकलन कर मुआवजे की मांग की है।

# लिंठ्यूड़ा में बारिश से मार्ग ध्वस्त

पिथौरागढ़। नगर लिंठयूड़ा में भारी बारिश से एक मार्ग ध्वस्त हो गया। रविवार को राम सिंह लुंठी के मकान के समीप मार्ग ध्वस्त होने से दो दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन फंस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह वार्ड का मुख्य मार्ग है जिससे सैकडों लोग प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। उन्होंने नगर पालिका से जल्द मार्ग सुधारीकरण की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री धामी करेंगे जागेश्वर श्रावणी मेले का उद्घाटन

अल्मोड़ा। 16 जुलाई से शुरू हो रहे प्रसिद्ध जागेश्वर श्रावणी मेले का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। विधायक मोहन सिंह महरा के नेतृत्व में जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति, पुजारी व जनप्रतिनिधियों के शिष्टमंडल ने रविवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने 16 जुलाई से शुरू हो रहे प्रसिद्ध जागेश्वर श्रावणी मेले के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने का आमंत्रण दिया। शिष्टमंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर उद्घाटन समारोह में आने का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में मंदिर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, पुजारी प्रतिनिधि नवीन चंद्र भट्ट, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख योगेश भट्ट, पूर्व जेष्ठ ब्लॉक प्रमुख हरीश भट्ट, जागेश्वर मंदिर समिति के पूर्व प्रबंधक प्रकाश भट्ट, भगवान चंद्र भट्ट, पंडित शुभम भट्ट आदि रहे।

### बाजार आए व्यक्ति से चाकू की नोक पर लूट

अल्मोड़ा। जौहरी बाजार में शनिवार शाम माला ठीक कराने आए एक व्यक्ति के साथ मारपीट हुई। आरोप है कि आरोपी ने उसकी नगदी भी लूट ली। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नृसिंहबाड़ी निवासी गोपाल सिंह जीना का कहना है कि शनिवार शाम वह जौहरी बाजार में पत्नी की सोने की माला बनाने आए थे। इस दौरान प्रदीप वर्मा नाम का व्यक्ति उनके पास आया और जबरन छाता मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर उनकी जेब से जबरन 1200 रुपये निकाल लिए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मंगलवार को करेंगे लोनिवि के अधिकारियों का घेराव

अल्मोड़ा। एक सप्ताह पहले पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि विभाग एक सप्ताह के भीतर गैस गोदाम लिंक मार्ग में सुधारीकरण का अवशेष कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ करे, लेकिन एक सप्ताह बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा गैस गोदाम मोटर मार्ग के सुधारीकरण की कार्यवाही प्रारंभ नहीं हो पाई है। अब मंगलवार को पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का घेराव करेंगे। कर्नाटक ने कहा कि लगातार पिछले कई वर्षों से गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग अपनी बदहाल स्थिति में पड़ा है। बार बार जनता के द्वारा सड़क सुधारीकरण की मांग की जा रही है लेकिन लोक निर्माण विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। जिस कारण वह इन सभी की परेशानियों को ध्यान में रख कर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का घेराव कर रहे हैं।

### तेज़ बारिश से भवन की दीवार को क्षति, पड़ोस में ली शरण

अल्मोड़ा। जिले में लगातार हो रही तेज बारिश अब परेशानी का सबब बन गई है। रविवार को तेज बारिश के कारण मुख्यालय के त्यूनरा गोपालधारा और धारानौला में एक-एक आवासीय मकान ध्वस्त होने के कगार पर पहुंच गया है। आवासीय मकानों में आई बड़ी और गहरी दरारों को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर प्रभावित परिवारों को अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। सूचना मिलने के बाद नगर पालिका की टीम ने मौका मुआयना किया और इसकी रिपोर्ट आपदा प्रबंधन विभाग को दी है। रविवार की सुबह त्यूनरा गोपालधारा निवासी मंजू अरोड़ा के आवासीय मकान की नींव की बुनियाद बारिश से हिल गई। जिससे नींव की सुरक्षा दीवार पूरी तरह ढह कर भूषण पांडे के खेत में जा गिरी है। जिस कारण आवासीय भवन के सभी कमरों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई। भवन से लगे बेकरी कक्ष का भी पिछला हिस्सा बुरी तरह धंस गया है। वह कभी भी भरभराकर नीचे गिर सकता है। खतरा भांप भवन में रह रहे लोगों ने अपने पड़ोस के एक भवन में शरण ली है। जबकि कमरे को पूरी तरह खाली कराया जा रहा है। मकान को खतरा पैदा होने के बाद इसकी जानकारी जिले के कंट्रोल रूम को दी गई। जिसके बाद पालिका की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पालिका के एसआई लक्ष्मण भंडारी ने बताया कि मकान का बेसमेंट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और मकान कभी भी भरभराकर नीचे गिर सकता है। सुरक्षा के लिहाज से भवन स्वामी को अन्यत्र शिफ्ट होने की सलाह दी गई है, जबकि आसपास रह रहे लोगों को भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। भवन स्वामी मंजू अरोड़ा ने बताया कि इस भवन में उनके घर का सामान और बेकरी की मशीनें लगी हुई हैं जिन्हें वहां से हटाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### दन्या पुलिस ने गर्भवती महिला को पहुँचाया अस्पताल

अल्मोड़ा। बारिश और सड़क बाधित होने के कारण अस्पताल ले जाने के लिए गर्भवती महिला को साधन नहीं मिल रहा था जिस पर दन्या पुलिस ने गर्भवती को अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया। शनिवार रात्रि में थाना दन्या को सूचना मिली कि थाने के पास में निवासरत एक गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा में है, जिसको ससमय चिकित्सालय ले जाना अति आवश्यक है। अत्यधिक बारिश व सड़क बाधित होने के कारण चिकित्सालय ले जाने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दन्या विजय सिंह नेगी ने महिला आरक्षी व पुलिस बल को साथ लेकर सरकारी वाहन से परिजनों व गर्भवती महिला को चिकित्सालय पहुंचाया, जिससे गर्भवती को ससमय उपचार मिला। संकट के समय पुलिस से सहयोग पाकर परिजन काफी खुश हुए और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

### बारिश के साथ बढे सब्जियों के दाम

अल्मोड़ा। बारिश में आवक कम होने से सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है। नगर में टमाटर का भाव फुटकर बाजार में दोगुना 80 रुपये किलो हो गया है। इसके साथ ही अन्य सब्जियों के दामों में भी वृद्धि हुई है। जिसके चलते उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। फुटकर बाजार में कुछ दिन पहले तक 40 से 50 रुपये तक बिकने वाला टमाटर अब 80 रुपये किलो पहुंच गया है। आलू भी 50 रुपये किलो बिक रहा है। वहीं अन्य सब्जियों के दामों में भी उछाल आने से उपभोक्ताओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है। सब्जी व्यापारियों ने बताया कि टमाटर की आवक काफी कम हो रही है और बारिश के चलते सड़कों की भी दिक्कत है इसकी वजह से टमाटर महंगा हो गया है। अल्मोड़ा नगर में आलू 50 रुपया, टमाटर 80 से 100, प्याज 60 रुपया, भिंडी 60, शिमला मिर्च 80 रुपया प्रति किलो तक बिक रही है। इनके अलावा अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं।

### निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर लगाया

रुद्रपुर। श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर लगाया गया। सेवादारों ने बताया किसी को भी कभी भी स्वास्थ्य समस्या आने पर आयुष्मान कार्ड बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसमें निःशुल्क इलाज मिलता है। ट्रस्ट हर रविवार को निःशुल्क कैंप लगाएगा।

# नैनीताल की माल रोड रोजाना 2 घंटे रहती है बंद, इसके पीछे हैं ये 3 वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 08 जुलाई : उत्तराखंड का नैनीताल अंग्रेजों की पहली पसंद था. यही वजह है कि ब्रिटिशर्स ने इस जगह को अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था. सरोवर नगरी को विकसित करने के लिए अंग्रेजों ने काफी काम किए थे. उनकी बनाई कई इमारतें आज भी इसकी गवाह हैं. वहीं नैनीताल की माल रोड का भी इतिहास रहा है. दरअसल माल रोड मल्लीताल और तल्लीताल को जोड़ने वाली मशहूर सड़क है, जो अंग्रेजों के समय से खास रही है. अंग्रेजों ने ही माल रोड बनाई थी और तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा इस सड़क के लिए अधिनियम भी बनाए गए थे, जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और माल रोड पर गाड़ियों का दबाव भी न पड़े।



नैनीताल निवासी प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत ने लोकल 18 से खास बातचीत के दौरान बताया कि साल 1839 में नैनीताल का नगरीकरण प्रारंभ हुआ था. उसके बाद अंग्रेजों ने नैनीताल को टूरिस्ट सेंटर के साथ ही हेल्थ और एजुकेशन सेंटर बनाने के लिए काफी कार्य किए. साल 1845 में कैप्टन जोम्स ने माल रोड की स्थापना की और 1850 में माल रोड को लेकर कुछ अधिनियम बनाए गए. इन अधिनियमों के अंतर्गत माल रोड में गंदगी न करने, माल रोड में जोर से न बोलने आदि नियम बनाए गए थे. हालांकि माल रोड की स्थापना के बाद साल 1846 से ही इस सड़क पर हाथ रिक्शा व घोड़े चलने लगे थे. वह बताते हैं कि इन अधिनियमों में कहीं भी माल रोड में हिन्दुस्तानियों और कुत्तों के घूमने पर प्रतिबंध नहीं था. यह सिर्फ एक भ्रांति है. ब्रिटिश समय में भारतीय लोग भी माल रोड पर आवाजाही करते थे।

प्रोफेसर रावत बताते हैं कि आजादी के बाद साल 1950 तक माल रोड में गाड़ियां चलने की अनुमति नहीं थी. उस दौर में केवल हाथ रिक्शा, घोड़े और लोग पैदल आते-जाते थे. साल 1959 के बाद माल रोड में गाड़ी चलाने की अनुमति दी गई. जिसके बाद बेहद शांत रहने वाली माल रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा. 1965 के बाद नैनीताल नगरपालिका द्वारा माल रोड को रोजाना दो घंटों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया ताकि गाड़ियों का दबाव माल रोड पर न पड़े, पर्यावरण भी प्रदूषित न हो और झील किनारे स्थित होने के कारण माल रोड के अस्तित्व पर भी खतरा पैदा न हो. यह नियम आज भी चला आ रहा है. आज भी रोजाना माल रोड में शाम 6 बजे से 8 बजे तक दो घंटे के लिए वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित होती है. इस दौरान पैदल आना-जाना कर सकते हैं।

## बारिश से 5 स्टेट हाईवे सहित 34 सड़के बंद

पौड़ी। जिले में बारिश से रविवार को 5 स्टेट हाईवे सहित 34 सड़कों पर यातायात ठप रहा। हालांकि लोनिवि द्वारा बंद मोटरमार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन सड़कों पर बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा आने से सड़कें खोलने में दिक्कत हो रही है। जिले में शनिवार शाम से बारिश थमी रही। जिससे थोड़ी राहत मिली। रविवार को जिले के टिहरी-देवप्रयाग-व्यासघाट, कर्णप्रयाग-नौटी स्टेट हाईवे के साथ ही सतपुली-धारकोट, लक्ष्मणझूला-धुमाकोट, नालीखाल-कपोलकाटल, दमदेवल-कलगड़ी-खिर्सू, पैठाणी-कोटी, कोला-गुडिंडी, सिमडी-कंडूली आदि मोटरमार्गों पर यातायात ठप रहा। प्रशासन द्वारा बंद मोटरमार्गों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

## कोचियार में पौधरोपण किया

पौड़ी। कोचियार में अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग द्वारा रविवार को वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण किया गया। ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल और क्षेत्रीय वनाधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा द्वारा कोचियार मंदिर परिसर में आंवला, तेजपाल, बांज आदि प्रजाति के पौधों का पौधरोपण कर पांच हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाए। वन क्षेत्राधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा द्वारा वन पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी देते हुए ग्रामीणों से पौधों की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस मौके पर कोचियार ग्राम प्रधान मंजू देवी, विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## मास्टरशेफ प्रतियोगिता में महिलाओं ने बनाए पहाड़ी व्यंजन

पौड़ी। आह्वान संस्था की ओर से रविवार को नगर पालिका के बारात में मास्टरशेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहाड़ी व्यंजनों पर आधारित महिला समूहों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के पहाड़ी व्यंजन एक मंच पर देखने को मिले। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने किया। प्रतियोगिता में नीतू नेगी और उनकी टीम ने पहला, महिला सफाई समूह ने दूसरा और तीलू रौतेली स्वयं सहायता समूह ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता और सभी प्रतिभागी महिला समूहों को सांत्वना पुरस्कार के तौर पर प्रमाण पत्र के साथ गिफ्ट भी दिया गया। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने कहा कि संस्था की ओर से पहाड़ी व्यंजनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रयास था। संस्था की ओर से आगे भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रयास किए जाते रहेंगे। विधायक पौड़ी ने भी ऐसे आयोजनों पर जोर देते हुए कहा कि इन आयोजनों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस मौके पर निर्णायक एसडीएम अनामिका सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मयूर भट्ट, गौरव रावत, नितिन रावत, विवेक रावत, मयंक रावत, कुश रावत आदि शामिल रहे।

## ईएनटी शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

पौड़ी। दो दिवसीय ईएनटी स्वास्थ्य शिविर में लोगों की भीड़ लगी रही। शिविर में 1526 मरीजों ने लाभ उठया। रविवार को दो दिवसीय ईएनटी स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन हंस अस्पताल सतपुली में 346 और हंस क्लिनिक कोटद्वार में 417 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। अस्पताल की सीनियर मैनेजर शालनी चौहान ने बताया कि शिविर में ईएनटी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. समीर टोपनो द्वारा सभी मरीजों की जांच की गयी। 218 चयनित सभी मरीजों का द हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली में दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा जांच कर 545 मरीजों को निशुल्क दवाइयां और उनकी खून की जांचें भी की गई।

## ई-रिक्शा लूटकर जहरखुरानी गिरोह फरार

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरड़ी निवासी वीर सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह ई रिक्शा मालिक है। बताया कि चार जुलाई की दोपहर बाद तीन लोगों ने ई-रिक्शा को नारसन की ओर लेकर चलने को कहा था। चालक सचिन ई-रिक्शा लेकर नारसन की ओर गया तो कुछ देर के बाद सवारियों ने खाने के लिए प्रसाद दिया था। जिसे खाकर उसे नशा हो गया था।

## क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों, पूर्ति निरीक्षकों के तबादले

रुद्रपुर। उपायुक्त जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने जनपद के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों, पूर्ति निरीक्षकों व लिपिकों के स्थानांतरण किए हैं। सितारगंज में तैनात पूर्ति निरीक्षक रेहाना कुरैशी को किच्छा ट्रांसफर किया है। खटीमा व सितारगंज में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी का पद संभाल रहे डीएस धामी को सितारगंज के पद से अवमुक्त कर दिया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी को तहसील बाजपुर एवं दुकान अनुभाग प्रभारी, आशुतोष भट्ट को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी काशीपुर, विपिन चंद्र पाठक पूर्ति निरीक्षक बाजपुर, अल्पना बजाज पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय, मीनाक्षी रावत पूर्ति निरीक्षक जसपुर, चंद्रशेखर कांडपाल पूर्ति निरीक्षक गदरपुर, लता सती पूर्ति निरीक्षक पत्र प्रेषण अनुभाग, फतेह खान पटल सहायक दुकान अनुभाग, मुन्ना लाल लिपिक अग्रिम आदेशों तक आपदा कंट्रोल रूम, नेहा पाल को सितारगंज से रुद्रपुर मुख्यालय में स्थानांतरित किया है।

## दवा के टैंक में घुसे मगरमच्छ को किया रेस्क्यू

रुद्रपुर। रनसाली रेंज के ग्राम बगिया घुसरी गांव में मगरमच्छ किसान के घर के परिसर में दवा के टैंक में घुस गया। रविवार को किसान को पता चलने पर रनसाली रेंजर महेन्द्र सिंह रैकुनी को जानकारी दी। वन विभाग की टीम में भोपाल सिंह, भास्कर जोशी, विनोद मेहता, अमन कुमार, शैलेंद्र चौहान ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को रेस्क्यू कर नानकसागर जलाशय में सुरक्षित छोड़ा।

## शहीद स्मारकों पर स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने किया नमन

रुड़की। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने रविवार को स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदानों को याद किया। सुनहरा वटवृक्ष पर स्थित शहीद स्तंभ पर संस्था के अध्यक्ष देशबंधु के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। लोगों ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रुड़की के वरिष्ठ साहित्यकार सुबोध पुंडीर सरित ने वट वृक्ष पर अपनी एक रचना ये वट वृक्ष तो जिंदा समाधि है आजादी के परवानों की सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया। जबकि राजकुमारी सैनी ने एक देशभक्तिपूर्ण गीत सुनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा स्नान को आए दून का किशोर लापता

हरिद्वार। गंगाघाट से रविवार को देहरादून का एक किशोर लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर हरकत में आई शहर कोतवाली पुलिस ने किशोर की तलाश तेज कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही किशोर को ढूंढ निकाला जाएगा। देहरादून की शिवलोक कॉलोनी रायपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए पहुंची थी। बिरला गंगाघाट पर स्नान करते हुए उसका 11 वर्षीय पुत्र लापता हो गया। आसपास तलाश करने के बाद भी बेटे का अता पता नहीं चल सका। न ही उसका बेटा घर पहुंचा। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि किशोर की तलाश कर रहे हैं।

यहां जिंदगी जिंदाबाद के संयोजक सरदार करमजीत सिंह चन्ना, सोप्रीत सिंह बॉबी भाटिया, दलविंदर सिंह, हरविंदर सिंह लाडी, इकबाल सिंह, परविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह सोनू, हरप्रीत सिंह, अशोक गौतम, अंशु, विधु अरोड़ा, सुरेश कांबोज, बलजीत सिंह, राजेश मित्तल, अशोक गौतम, सतबीर सिंह नीनू मौजूद रहे।

### भंडारी बने एबीवीपी के जिला सह संयोजक

रुद्रपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अखिल भंडारी को ऊधमसिंह नगर जनपद का सह संयोजक नियुक्त किया है। सितारगंज से अमित सागर को प्रांत के स्कूल कार्य प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी है। भंडारी व अमित को जिले व प्रदेश में दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए बधाई दी।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार रात पुलिस ग्राम भगवानपुर में गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम मुख्त्यार सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी भगवानपुर किच्छा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ब्लैकमेलिंग के लिए केस करने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर। एक व्यक्ति ने एक महिला के खिलाफ उसके भाई को ब्लैकमेल करने के मकसद से दुष्कर्म का झूठा केस कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि ब्लैकमेल करने के लिए महिला ने उसके भाई को कॉल कर तीन लाख रुपये की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुरादाबाद के गुलाब बाड़ी निवासी दिनेश सिंह ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मीरा देवी पत्नी निपेन्द्र सिंह ने 09 फरवरी 2024 को उसके भाई अरविंद सिंह के खिलाफ आईटीआई थाने में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पॉस्को एक्ट में केस दर्ज कराया था। अरविन्द कुमार रिश्ते में मीरा का जीजा है। मीरा ने केस दर्ज होने से पूर्व 25 दिसंबर 2023 को अरविंद को कॉल कर उससे मामले को रफा दफा करने के लिए तीन लाख रुपये की मांग की। दोनों के बीच हुई वार्तालाप रिकार्ड है। इससे पूर्व मीरा के पति ने भी अरविंद पर दुष्कर्म करने का झूठा आरोप लगाया था। पुलिस ने अरविन्द कुमार और मीरादेवी के आवाज का नमूना लेकर फोरन्सिक जांच कराई। इसके बाद पुलिस ने अरविंद के खिलाफ दर्ज केस में एफआर लगा दी। दिनेश ने मीरा पर ब्लैकमेल करने की नीयत से केस कराने के आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मीरा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया

### मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में गोविंद ने पाया दूसरा स्थान

रुद्रपुर। बीती दिनों महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जीआईसी शांतिपुरी के निवर्तमान छात्र सूर्यनगर निवासी गोविंद सिंह कोरंगा पुत्र पूरन सिंह कोरंगा ने शानदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। महाराष्ट्र में आजादनगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रो. एमएमए (मिक्स मार्शल आर्ट) ओपन लीग नेशनल टूर्नामेंट में देशभर की 25 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें गोविंद सिंह कोरंगा ने उत्तराखंड से प्रतिभाग कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व प्रदेश का मान बढ़ाया है। विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने गोविंद को बधाई दी है।